# कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका

## वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 32 वीं बैठक की कार्यवाही

कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 32 वीं बैठक दिनांक 12.09.2025 को केन्द्र के सभागार में आयोजित की गई। यह बैठक मुख्य अतिथि डॉ॰ अंजनी कुमार, निदेशक आई॰सी॰ए॰आर॰–अटारी, पटना की अध्यक्षता में एवं विशिष्ट अतिथि डॉ॰ मो॰ मोनोब्रुल्लाह, प्रधान वैज्ञानिक, आई॰सी॰ए॰आर॰–अटारी, पटना तथा डॉ॰ अभय मानकर, उप निदेशक प्रशिक्षण, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के साथ–साथ राज्य सरकार के विभागीय पदाधिकारीगण तथा सम्मानित कृषक सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में सम्मानित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पिछली बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन की सम्पुष्टि की गयी तथा निम्नांकित बिन्दुओं पर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

1. निदेशक, आई॰सी॰ए॰आर॰–अटारी, पटना द्वारा निदेश दिया गया कि कृषि विज्ञान केन्द्र संबद्ध विभाग और एन॰जी॰ओ॰ के साथ काम करें।

   **कार्यान्वयन** :– सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ

2. लाह उत्पादन के क्षेत्र में किये गये कार्य की सफलता को देखते हुए निदेशक, आई॰सी॰ए॰आर॰– अटारी, पटना द्वारा कहा गया कि इससे और अधिक किसान को जोड़ें और अधिक से अधिक पलास के पौधे पर इसका विस्तार करावें। इच्छुक किसानों को इस क्षेत्र में और अधिक निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण के लिए राँची भेजा जाय।

   **कार्यान्वयन** :– श्री संजय कुमार मंडल, वि॰व॰वि॰ (मृदा विज्ञान)

3. शुष्क भूमि वाले क्षेत्रों में आवश्यकता और संसाधन के अनुसार वागवानी और मशरूम उत्पादन को बढ़ावा दिया जाय। साथ ही अच्छे प्रभेद का पौधा तैयार करने का भी निदेश दिया गया।

   **कार्यान्वयन** :– श्री अजय कुमार दास, वि॰व॰वि॰ (उद्यान)

4. निदेशक, आई॰सी॰ए॰आर॰–अटारी, पटना ने केन्द्र पर औषधीय पौधे का यूनिट स्थापित करने का निदेश दिया।

   **कार्यान्वयन** :– श्री अजय कुमार दास, वि॰व॰वि॰ (उद्यान)

5. उप निदेशक प्रशिक्षण, बि॰कृ॰विश्व॰, सबौर ने आदिवासी उपयोजना के तहत योग्य किसानों के समूह को उपयोगी कृषि यंत्र उपलब्ध कराने का निदेश दिया।

   **कार्यान्वयन** :– ई॰ रवि रंजन कुमार, वि॰व॰वि॰ (कृषि अभियंत्रण)

6. जैविक खाद की चर्चा के क्रम में मृदा वैज्ञानिक ने बताया कि केन्द्र पर आईसिनिया फोटिडा और जय गोपाल प्रभेद का केंचुआ उपलब्ध है। उत्पादित वर्मीकम्पोस्ट को किसानों को बेचा जाता है और प्रक्षेत्र में भी उपयोग होता है। इस पर निदेशक, आई॰सी॰ए॰आर॰–अटारी, पटना द्वारा निदेश दिया गया कि जय गोपाल प्रभेद अच्छा प्रभेद है, इससे तैयार वर्मीकम्पोस्ट अच्छी गुणवत्ता वाली होती है, इसलिए किसानों के बीच इसका भी प्रसार किया जाय।

   **कार्यान्वयन** :– श्री संजय कुमार मंडल, वि॰व॰वि॰ (मृदा विज्ञान)

7. निदेशक, आई॰सी॰ए॰आर॰–अटारी, पटना द्वारा कुपोषण उन्मूलन कार्यक्रम का इम्पेक्ट स्टडी तैयार करने और विस्तृत डाटा को अगले प्रेजेन्टेशन में शामिल करने का निदेश दिया गया। इम्पेक्ट स्टडी में वर्णित करें कि कितना सब्जी/फल खाने से शरीर में कितना पोषक तत्व/उर्जा मिलता है। साथ ही इस कार्यक्रम का क्षेत्र विस्तार करने का भी निदेश दिया गया।

**कार्यान्वयन** :– श्री अजय कुमार दास, वि॰व॰वि॰ (उद्यान) एवं
डॉ॰ नेहा सिंह, वि॰व॰वि॰ (कृषि प्रसार)

8. सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण) ने कीड़े को पकड़ने वाले फेरोमेनट्रेप का प्रसार करने की बात कही, जिसपर निदेशक ने फलदार पौधों और सब्जियों में इसका उपयोग करने के लिए किसानों को जागरूक करने का निदेश दिया।

**कार्यान्वयन** :– श्री अजय कुमार दास, वि॰व॰वि॰ (उद्यान)

9. सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण) द्वारा स्प्रे मशीन में नोजल का उपयोग विषय पर प्रशिक्षण कराने की बात कही गयी, इस पर निदेशक द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका में प्रशिक्षण कराने का निदेश दिया गया।

**कार्यान्वयन** :– ई॰ रवि रंजन कुमार, वि॰व॰वि॰ (कृषि अभियंत्रण)

10. निदेशक, आई॰सी॰ए॰आर॰–अटारी, पटना ने निदेश दिया कि पूर्व से संचालित सामुदायिक पशु स्वास्य केन्द्र को और सुदृढ़ बनावें, इससे किसानों को काफी फायदा होगा।

**कार्यान्वयन** :– डॉ॰ संजीत कुमार, वि॰व॰वि॰ (पशु चिकित्सा विज्ञान)

11. समूह अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण कार्यक्रम की चर्चा के क्रम में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान ने बताया कि इस कार्यक्रम के द्वारा बाँका जिले में प्रथम बार मूँगफली की खेती करवायी गई है, जिसका परिणाम काफी सकारात्मक रहा। इस पर निदेशक, आई॰सी॰ए॰आर॰–अटारी, पटना द्वारा निदेशित किया गया कि इसका इम्पैक्ट स्टडी तैयार करें कि पूर्व से लगाये जा रहे फसल की अपेक्षा मूँगफली फसल के प्रत्यक्षण से किसानों को कितना लाभ प्राप्त हुआ।

**कार्यान्वयन** :– ई॰ रवि रंजन कुमार, वि॰व॰वि॰ (कृषि अभियंत्रण)
एवं डॉ॰ नेहा सिंह, वि॰व॰वि॰ (कृषि प्रसार)

इस बैठक में निम्नांकित सदस्यों ने भाग लिया –

| क्र॰ सं॰ | पदाधिकारी/वैज्ञानिक एवं कृषक सदस्यों के नाम/पता |
|---|---|
| 1 | डॉ॰ अंजनी कुमार, निदेशक, आई॰सी॰ए॰आर॰–अटारी, पटना |
| 2 | डॉ॰ मो॰ मोनोब्रुल्लाह, प्रधान वैज्ञानिक, आई॰सी॰ए॰आर॰–अटारी, पटना |
| 3 | डॉ॰ अभय मानकर, उप निदेशक प्रशिक्षण, बि॰ कृ॰ विश्व॰, सबौर, भागलपुर |
| 4 | डॉ॰ ब्रजेन्दु कुमार, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका |
| 5 | जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा, बाँका |
| 6 | जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, बाँका |
| 7 | सहायक निदेशक (उद्यान), बाँका |
| 8 | जिला पशुपालन पदाधिकारी, बाँका |
| 9 | जिला मत्स्य पदाधिकारी, बाँका |
| 10 | जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आई॰सी॰डी॰एस॰, बाँका |

| | |
|---|---|
| 11 | सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण), बाँका |
| 12 | सहायक निदेशक (मृदा रसायन), बाँका |
| 13 | उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण), बाँका |
| 14 | जिला गव्य विकास पदाधिकारी, बाँका |
| 15 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, बाँका |
| 16 | उप परियोजना निदेशक, आत्मा, बाँका |
| 17 | जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, बाँका |
| 18 | प्रबंधक, यूको बैंक, ककवारा |
| 19 | ई॰ रवि रंजन कुमार, वि॰व॰वि॰ (कृषि अभियंत्रण), कृ॰वि॰के॰, बाँका |
| 20 | श्री अजय कुमार दास, वि॰व॰वि॰ (उद्यान), कृ॰वि॰के॰, बाँका |
| 21 | श्री संजय कुमार मंडल, वि॰व॰वि॰ (मृदा विज्ञान), कृ॰वि॰के॰, बाँका |
| 22 | डॉ॰ नेहा सिंह, वि॰व॰वि॰ (कृषि प्रसार), कृ॰वि॰के॰, बाँका |
| 23 | डॉ॰ संजीत कुमार, वि॰व॰वि॰ (पशु चिकित्सा विज्ञान), कृ॰वि॰के॰, बाँका |
| 24 | श्री मनोज कुमार भारती, पशुधन सहायक, बाँका |
| 25 | टीम कोआर्डिनेटर, प्रदान, बाँका |
| 26 | श्रीमती रिंकू देवी, झिरवा, बाँका, प्रगतिशील महिला कृषक |
| 27 | श्री पवन कुमार, बिदनचक, अमरपुर, बाँका, प्रगतिशील कृषक |
| 28 | श्री मुंशी मरांडी, हीरमोती, बाँका, प्रगतिशील कृषक |
| 29 | श्री बहादुर दास, बंगालगढ़ , चान्दन, बाँका, प्रगतिशील कृषक |

26-09-2025

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका

ज्ञापांक–IV/कृ॰वि॰के॰ बाँका/ 203 दिनांक– 26.09.2025

प्रतिलिपि :– सभी किसान प्रतिनिधि एवं सम्मानित सदस्य को सूचनार्थ।

26-09-2025

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका

ज्ञापांक–IV/कृ॰वि॰के॰ बाँका/ 203 दिनांक– 26.09.2025

प्रतिलिपि :– उप निदेशक प्रशिक्षण, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर/निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर/निदेशक, आई॰सी॰ए॰आर॰–अटारी, पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

26-09-2025

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका